स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत... पृष्ठ 2 | आदिवासी बनवासी परिवारों... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 07 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 55, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

राज्यसभा में सिंघवी की सीट के पास 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिलने पर सदन में हंगामा

नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को चेकिंग के दौरान 500 रुपये के नोटों का बंडल प्राप्त हुआ। यह जानकारी राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को दी। संसद के उच्च सदन राज्यसभा में कांग्रेस के बेंच के नीचे नोटों की गड्डी मिली है। यह जानकारी राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने दी। उन्होंने कहा, च्च्मैं यह सूचित करना चाहता हूं कि कल सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद, जब नियमित जांच की गई, तो सुरक्षा अधिकारियों ने सीट संख्या 222 (जो वर्तमान में अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है) से नोटों का एक ढेर बरामद किया। यह मामला मेरे ध्यान में लाया गया, और मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि जांच कानूनी रूप से हो। नियमों के अनुरूप कार्रवाई हो। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंघवी ने राज्यसभा में उनकी सीट से च्च्500 रुपये के नोटों की गड्डी मिलनेज्ज् की बात पर शुक्रवार को हैरानी जताई और कहा कि इस तरह के मामलों पर राजनीति होना हास्यास्पद है। उन्होंने यह भी कहा कि वह सदन में जाते हैं तो उनके पास 500 रुपये का एक नोट होता है और अगर सुरक्षा से जुड़ा कोई विषय है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि इस तरह के मामलों पर राजनीति होना हास्यास्पद है। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया मंच च्एक्सज् पर पोस्ट कर कहा कि वह जब भी सदन में जाते हैं तो उनके पास 500 रुपये का सिर्फएक नोट होता है। इस बीच, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, च्जब तक मामले की जांच चल रही है और कुछ भी स्पष्ट नहीं हो जाता है, तब तक सभापति को अभिषेक मनु सिंघवी का नाम नहीं लेना चाहिए। खड़गे के इस बात पर

आपत्ति जताते हुए सत्तापक्ष के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर खड़गे ने कहा कि ऐसा ही चिक्षर काम करके इन लोगों ने देश का नाम बदनाम किया है। खड़गे ने सभापति से कहा कि आप इस तरह से किसी का नाम और उसकी सीट का जिक्र कैसे कर सकते हैं? इस पर सभापति ने कहा कि सीट का जिक्र किया और यह बताया है कि यह सीट किसे अलॉट हुई है। सभापति ने बताया कि गुरुवार को सदन की कार्रवाई स्थगित होने के बाद एंटी सबोटाज की टीम सदन में रूटीन चेकिंग पर थी। इसी दौरान चेकिंग कर रही टीम को 500 रुपये के नोटों का बंडल मिला। सभापति ने बताया कि यह बंडल सीट नंबर 222 से प्राप्त हुआ। सभापति के मुताबिक यह सीट राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है। सभापति के मुताबिक अभी तक इन नोटों की दावेदारी किसी भी सदस्य द्वारा नहीं की गई है। मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। सभापति ने बताया कि यह मामला उनके नोटिस में लाया गया, इसके बाद उन्होंने सुनिश्चित किया कि तय नियमों के तहत इस पूरे मामले की जांच हो और जांच शुरू भी हो गई है। सभापति ने कहा कि? उन्होंने सोचा था कि इन नोटों की दावेदारी के लिए कोई आएगा, लेकिन शुक्रवार सुबह तक कोई नहीं आया। अभी यह भी नहीं मालूम है कि यह नोट असली हैं या नकली। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। सभापति ने इसे बेहद गंभीर मामला बताया और कहा कि किसी को भी इस मामले की जांच का विरोध नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही सभापति ने यह भी बताया कि संबंधित सदस्य के इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड बताते हैं कि उन्होंने सदन में गुरुवार को अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। सभापति द्वारा यह जानकारी दिए जाने के बाद सदन में जमकर हंगामा हुआ।

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मानव मंदिर चौक का नाम अब महाकाल चौक हो गया है। इस अवसर पर आज से चौक के चारों तरफ श्री महाकाल चौक का लाईटिंग वाला बोर्ड लगाया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष के ग्राम जोशीलमती रोड जर्जर

विधायक साहू 15 वर्ष बाद भी नहीं बना पाए इस मार्ग को क्षेत्र के ग्रामीण करेंगे चक्काजाम

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। कुमरदा से गेंदाटोला मार्ग अपने जीवन की अन्तिम पड़ाव में है। इस सड़क मार्ग से गुजर कर अनेकों जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी और विधायक भी इसी मार्ग से गुजर रहे हैं। परंतु इस जर्जर सड़क को बनाने किसी के ध्यान में नहीं है। यह रोड़ जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू के गांव जोशीलमती होकर कड्डू बंजारी तक जाता है।पर इस सड़क मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन चलती है वर्तमान में यह सड़क मार्ग पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं इस मार्ग में चलना बहुत कठिन और मुश्किल हो गया है। इस जर्जर सड़क के बारे में खुज्जी विधायक भोला राम साहू और जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू के पास क्षेत्र के ग्रामीणजनों ने कई बार आवदेन और निवेदन किया गया है परंतु आज तक सड़क मार्ग की दशा जर्जर हो गया है इस मार्ग में क्षेत्र के स्कूली बच्चों का पहली से हायर सेकेण्डरी तक पढ़ाई के आना जाना लगा रहता है वर्तमान में क्षेत्र के किसान अभी सोसायटियों में धान खरीदी बेचने के लिए बड़े वाहन के माध्यम से जोशीलमती सोसायटी ले जाते है जिन्हे कठीनाइयो का सामना करना पड़ रहा है

खुज्जी विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष का ध्यान अपेक्षित

खुज्जी विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कुमरदा से गेंदाटोला मार्ग सड़क जर्जर हालत में है क्षेत्र के ग्रामीण खुज्जी विधायक भोला राम साहू और जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू को कई बार आवदेन दे चुके हैं परंतु इन जनप्रतिनिधियों का ध्यान अपेक्षित है अगर एक सप्ताह में जर्जर सड़क की सुधार नही की गई तो अब एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र ग्राम चिरचारी कला हर्राटोला जोशी लमती गेदाटोला फफमार मेटपार के अलावा आसपास के ग्रामीण जन कुमरदा के मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करेगें।

ट्रेडर्स के द्वारा सुपर फाइन धान के नाम पर खेला जा रहा खेल

गस्ती के दौरान तहसीलदार ने पकड़ा अवैध धान.

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। महाराष्ट्र के धान को छत्तीसगढ़ में जगह जगह खपाने के लिए ट्रेडर्सों के द्वारा एक अनोखा उपाय निकालकर खतवन धान को खपाने के लिए नई युक्ती निकाले जाने का खुलासा हुआ है. बताया जाता है कि सुपर फाइन धान परिवहन करने की जिला कलेक्टर व जिला खाद्य निरिक्षक के समीप आवेदन ट्रेडर्सों के द्वारा दिया जा रहा है परंतु विधिवत कलेक्टर के द्वारा कोई आदेश नहीं दिया गया है परंतु ट्रेडर्स आवेदन की पावती को आधार बनाकर कलेक्टर कार्यालय की सील थप्पा लगाकर धड़ल्ले से महाराष्ट्र के खतवन धान को छत्तीसगढ़ में ट्रेडर्स के द्वारा यह खेल खेला जा रहा है जिसका खुलासा महाराष्ट्र से लाया गया अवैध धान के दिखाए गए पावती से खुलासा हुआ है. छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ की सीमाओ पर रोकथाम के लिए मंडी कर्मचारी व

पुलिस जवानों की तैनाती तो की गई है परंतु ट्रेडर्स सरेआम आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए छत्तीसगढ़ के अंदर अभी तक हजारों ट्रक धान खपाए जाने का दावा किया जा रहा है. इसका खुलासा 05 दिसम्बर की रात 10.30 बजे अतिरिक्त तहसीलदार कमल किशोर साहू, नायब तहसीलदार सतपाल यादव उड़नदस्ता की गाड़ी से भ्रमण पर निकले थे इस दौरान बोरतलाव नाके से आगे पीपरखार पहुँच मार्ग पर ट्रक क्रमांक सीजी 08 एटी 1297 जाँच करने पर अवैध धान से भरा पड़ा था. ट्रक चालक अमन साहू से पूछताछ करने पर महाराष्ट्र स्थित तुमसर से 335 क्विंटल धान भरकर गुरुदेव ट्रेडर्स महाराजपुर चिचोला ले जाना बताया. गाड़ी की जाँच पड़ताल उपरांत ट्रक व धान की जप्ती पंचनामा बनाकर अनुविभागीय कार्यालय डोंगरगढ़ रात में ही लाया गया. 06 दिसम्बर को इस मामले के जाँच की जिम्मेदारी मंडी निरीक्षक ईश्वरी चंद्राकर मंडी अधिनियम की धारा 23 व 19(4) के तहत धान की सैम्पलिंग कर जाँच के लिए भेजा गया है.

डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल मार्ग परियोंजना में मुआवजे और नौकरी की मांग तेज होने लगी

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेल लाइन परियोजना जिसकी स्वीकृति केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा मिलने के बाद अब क्षेत्र के किसानों ने मोर्चा खोल दिया है और आज किसान मार्च निकाल कर अपनी मांग पूरा करने की मांग की है. डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेल लाइन परियोजना के लिए लगभग 300करोड़ रुपए की स्वीकृति सरकार द्वारा मिलने के बाद अब रेल लाइन परियोजना से प्रभावित हो रहे ग्रामीण और किसान आंदोलनरत दिखाई दे रहे हैं. जहां आज बड़ी संख्या

में डोंगरगढ़ ब्लॉक के किसानों ने पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में किसान मार्च निकाला और स्टेशन मैनेजर श्री शेट्टी को अपनी मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा. दरअसल किसान अपनी तीन मांगों को सरकार से पूरा करने की गुहार लगा रहे हैं. जिसमें रेल लाइन परियोजना के लिए 2016/17 में किया गया सर्वे के स्थान पर फिर से सर्वे करा कर जमीन का मुआवजा देने, जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसान के घर के एक व्यक्ति को नौकरी और पूरी राशि का भुगतान एक साथ हो.

एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। बीमार नहीं रहा लाचार, हो रहा मुफ्त

उपचारज्ज् आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार को 5 लाख रूपए तक का बीमारी के उपचार कर स्वास्थ्य लाभ हेतु आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए आम्बेडकर सेवा समिति, भरकापारा वार्ड क्र. 28 में एक दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 05/12/2024 को वार्ड के पार्षद श्री राजेश जैन (रानू) द्वारा जिन लाभार्थियों का मुफ्त उपचार कराने के लिए आयुष्मान कार्ड नही बना था ऐसे लाभार्थियों के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया था। उक्त समयावधि में लगभग 96 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड शिविर में बनाया गया, शिविर में श्री जीत परिहार, स्वास्थ्य विभाग, वार्ड मितानीन श्रीमती सरोज गिरिपूंजे, समिति अध्यक्ष श्रीमती शीला हेड़ाऊ द्वारा एक दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया गया।

जिले के धान खरीदी केंद्रों में विभिन्न अनियमितता, बारदाना की कमी, टोकन में समस्या : कांग्रेस

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। आज जिला कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के नेतृत्व में जिले के धान खरीदी केंद्रों में विभिन्न अनियमितता, अनियमित धान खरीदी, बारदाना की कमी, टोकन में समस्या, एकमुश्त धान की राशि नहीं देने के सम्बद्ध में जिला मुख्यालय में चक्काजाम एवं धरना प्रदर्शन किए। जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि भाजपा की सरकार में किसानों के साथ केवल अन्याय हो रहा है। धान खरीदी के तय समय सीमा में 47 दिन केवल शासकीय छुट्टी की हो रही है जिसमें किसानों से धान ही नहीं लिया जाएगा बावजूद शासन प्रशासन के बदइंतजामी के कारण समिति प्रबंधकों ने धान के उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी बंद कर दिया जिससे किसानों को नुकसान हो गया। धान खरीदी के बाद परिवहन नहीं होने के चलते किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा शासनकाल में किसान केवल अच्छे दिन का इंतजार करते रह गए है। किसान आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। केंद्रों में ऑफलाइन टोकन नहीं दिया जा रहा है जिससे किसान अन्यत्र भटक रहे है। ऐसी अनगिनत समस्याएं धान खरीदी केंद्रों में देखा जा रहा है।

चक्काजाम में उपस्थित मुख्य वक्ता विधायक इंद्रशाह मंडावी ने धान खरीदी के मामले में सरकार को आड़े हाथों लिया, उन्होंने कहा कि यह किसानों के साथ अन्याय है। जिले भर में धान खरीदी सुस्त चाल में चल रही है जिससे हजारों किसान साथी परेशान है। भाजपा सरकार चुनाव के पहले बड़े-बड़े वादे कर सत्ता में आई थी। सत्ता में आते ही भाजपा सरकार का किसान, जवान विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। सीधी सी बात है भाजपा की विष्णुदेव और मोदी जी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ में किसानों का पूरा धान खरीदना ही नहीं चाहती है यही कारण है कि पहले धान उठाव के 72 घंटे के तय सीमा को रह किया फिर किसानों को बारदाना उपलब्ध नहीं कराया साथ ही मिलरों के साथ भी अनुबंध सही समय पर नहीं कर पाना सरकार की नाकामी है, जिनकी सजा किसान साथी भुगत रहे है। धान खरीदी शुरू हुए महीने भर नहीं बीते है और अनगिनत अव्यवस्था केंद्रों में देखने को मिल रही है। उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से 4 गुना अधिक धान जमा हो चुके है जिसे सरकार मिलिंग नहीं करा पा रही है।

7 दिवस के अंदर खरीदी केंद्रों में सुचारू संचालन नहीं होने पर उग्र आंदोलन एवं चक्काजाम का चेतावनी

विधायक मंडावी ने उपस्थित प्रसाशन को धान खरीदी केंद्रों में 07 दिवस के अंदर सुचारू संचालन नहीं होने पर उग्र आंदोलन एवं वृहद चक्काजाम करने का अल्टीमेटम दिया हैं। कांग्रेसी तेजकुंवर नेताम, संजय जैन, लच्छू साबले, अजय राजपूत, सदानन्द सेंडे, कन्हैया राजपूत ने आरोप लगाया कि गांवों में दूरसंचार के सीमित साधन है अधिकांश जगहों में कुछ भी नहीं है वहां किसान साथी ऑनलाइन टोकन के लिए मशक्कत कर रहे है जिस कारण उनका समय और आर्थिक क्षति भी हो रही है टोकन तूहर हाथ ऐप्पस भी सही कार्य नहीं कर रहा। कुल मिलाकर सरकार किसानों का धान खरीदना ही नहीं चाहती है और किसानों को परेशान करना चाहती है। ना मिलर और न ही संग्रहण केंद्र कहीं भी सरकार का नियंत्रण नहीं है, उपार्जन केंद्रों में जगह कम पड़ गई है, ये सब सरकार की सोची समझी रणनीति है कि किसानों से पूरा धान खरीदना ही नहीं है। किसानों को 50 प्रतिशत बारदाना स्वयं से लाने का फरमान जारी किया जा रहा है, जो सरकार के अड़ियल रवैया को दर्शाता है। सरकार की यह नाकामी निंदनीय है।

तिराहा में धरना प्रदर्शन से तीनों तरफ से आवागमन रही बाधित

शुक्रवार को मोहला का साप्ताहिक बाजार था जहां क्षेत्र के दूर दूर से ग्रामीण अपने जरूरतों की सामान लेने पहुंचते है वहीं कांग्रेस कमेटी के द्वारा तिराहा पर चक्काजाम किया गया जिससे आवागमन बाधित रही। नगर के हृदय स्थल दुर्गा चौक तिराहा में चक्काजाम करने से चौकी, गोटाटोला, मानपुर, एकटकन्हार की तरफ से आने वाली मालवाहक, यात्री गाड़ी प्रभावित रही जिसे प्रशासन ने चक्काजाम तक नगर के दूर में ही व्यवस्थित करने का कार्य किया।धरना प्रदर्शन एवं

चक्काजाम में मुख्यरूप से पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम, कोषाध्यक्ष नारायण खंडेलवाल, महामंत्री संजय जैन, लग्नूराम चंद्रवंशी, दिनेश शाह मंडावी, सरस्वती ठाकुर, गमिता लोनहारे, लता साव, उतरा निषाद, मीना मांझी, दीपिका राजपूत, अब्दुल खालिक, कन्हैया राजपूत, रामप्रसाद घावड़े, अवध चुरेंद्र, लछु सांबले, सदानंद सेंडे, कपिल कोमरे, भूषण तिवारी, मनीराम यादव, अय्यूब खान, रशीद खान, नोहरु कुमेटी, मनीष बसोड़, लोकदीप बोरकर, हरिशंकर मिश्रा एवं क्षेत्र के किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। चक्काजाम एवं धरना प्रदर्शन के अंत में समस्त कांग्रेसजनों ने मोहला तहसीलदार दिनेश साहू को ज्ञापन सौंपा एवं धरना का समापन किया।

नीरज विद्या मंदिर में आज वार्षिक क्रीड़ा उत्सव

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में आज वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनोद हथेल (जिला खेल अधिकारी) होंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री विजय टेंभूरकर (स्पोर्टस ऑफिसर) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन के पदाधिकारी शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, श्री रितेश शर्मा, श्री नीरज कोटड़िया, श्री समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टरश्रीमती पुष्पा बाजपेयी,प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक श्री जी राम सिन्हा, विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। खेल शिक्षक श्री एल.आर. कदम ने बताया कि आयोजन में अलग-अलग खेल विधाओं के तहत फायनल मैच खेले जाएँगे। इनमें एथलेटिक्स, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी आदि प्रमुख हैं। प्री-प्रायमरी के बच्चों के रोचक खेल भी होंगे। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएँगे। शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा10वी एवं 12वीं के टॉपर्स व खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चे आकर्षक मार्चपास्ट करते हुए सलामी भी देंगे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में श्री घनश्याम तिवारी ने दी।

निषाद समाज राजनांदगांव का बैठक 8 दिसम्बर को, प्रदेश पदाधिकारी होंगे शामिल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला निषाद समाज का मासिक बैठक 8 दिसम्बर 2024 रविवार को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष दृरुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन लाल निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद व लोकेश निषाद, ईश्वर निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है । समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में आय-व्यय की जानकारी दी जायेगी। उक्त बैठक में प्रदेश संगठन के महासचिव मनोहर निषाद सहित प्रदेश पदाधिकारियों का आगमन होगा । बैठक में सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के समक्ष सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जायेगा । बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है । जिलाध्यक्ष दृरुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद ने बैठक में समाज के सभी जिला क्षेत्रीय अध्यक्ष व पंचगहिया पदाधिकारियों व स्वजातीय बन्धुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत शहर के शौचालयों का मरम्मत व सुचारू संचालन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारत सरकार आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ शौचालय अभियान 2024 के तहत निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर शहर के शौचालयों का मरम्मत कर सुचारू रूप से संचालन किये जाने आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। सुचारू संचालन के लिये उन्होंने शौचालय के संचालकों की बैठक लेकर व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिये है, साथ ही महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को शौचालयो का निरीक्षण कर नागरिको से फिडबैक लेने भी कहा गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वच्छ शौचालय अभियान के संबंध मे बताया कि शासन के निर्देशानुसार विश्व शौचालय दिवस 2024 (19 नवम्बर) से लेकर गुड गवर्नेन्स डे 2024 (25 दिसम्बर) तक मिशन एक 5-सप्ताह लंबा स्वच्छ शौचलय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पूरे देश के सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, रख रखाव, सौदर्यीकरण करना है। इसके अलावा शासन द्वारा पारदर्शी मुल्यांकन, सुधरात्मक कार्यवाही, संचालन एवं संधारण, शौचालयों की जिम्मेदारी, नागरिकों की प्रतिक्रिया, फुटफॉल मैपिंग अर्थात शौचालयों के उपयोगकर्ता की वास्तविक गणना करना संबंधी कार्य के लिये घटक निर्धारित किया गया है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निर्धारित घटक के अनुसार कार्य करना है एवं अभियान की अवधि के अंत तक सभी सीटी एव पीटी और शौचालयों (चाहे वे स्वच्छ भारत मिशन के तह हो या नहीं) को पहले से अधिक बेहतर स्थिति में लाना है। जिसके क्रियान्वयन के लिये शहर में स्थित सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों के बेहतर रख रखाव करने तथा आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये थे, निर्देशानुसार निगम के तकनीकि अधिकारी सीटीपीटी व यूरीनल पर पर्याप्त जल व्यवस्था, विद्युत व सीवर लाईन का बेहतर प्रबंधन करने के अलावा दरवाजा, खिडकी आदि मरम्मत करा रहे है।आयुक्त श्री विश्वकार्म ने बताया कि शासन आदेशानुसार सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत संधारण किया जा रहा है। स्वच्छ एवं सुंदर शौचालय के लिये भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, प्रतियोगिता के लिये टायलेट की ग्रेडिंग, एनयूएलएम अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा किया जाना है। राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत निर्मित सार्वजनिक शौचालयों की स्व सहायता समूह द्वारा

शासन मापदण्ड के अनुरूप निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों से भी साफ सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने, शौचालय का उपयोग करने, गंदगी न फैलाने अपील की जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना : वार्डों में शिविर का आयोजन

200 सौ अधिक आवेदन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। -इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी भवन में 4 दिसंबर में और राजीव नगर पानी टंकी के पास 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत क्रमशः वार्ड क्रमांक 1 से 5 एवं वार्ड क्रमांक 6 से 10 के हितग्राहियों के लिए सर्वे शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आवास योजना से संबंधित फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं और हितग्राहियों को योजना अंतर्गत पात्रता की जानकारी प्रदान की जा रही है। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित किया जा रहा है। इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी भवन में 4 दिसंबर के शिविर में कल 60 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि लगभग 150 नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी गई और फॉर्म वितरित किए गए। इसी प्रकार राजीव नगर पानी टंकी के पास के शिविर में 5 दिसंबर को 119 हितग्राहियों के फॉर्म प्राप्त हुए तथा 200 से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की पात्रता पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेज की जानकारी के साथ फॉर्म प्रदाय किया गया। हितग्राहियों को निर्देश दिया गया है कि वे फॉर्म में अपनी जानकारी भरकर और आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर संबंधित निकाय को जमा करें, जिससे उनकी पात्रता की प्रक्रिया को पूरा किया जा सके। शिविर के माध्यम से लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाने का बेहतर अवसर प्रदान किया जा रहा है। 6 दिसंबर शुक्रवार को वार्ड 11 से 15 हेतु शिविर स्थान साकेत धाम में समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया गया।

महतारी वंदन योजना से महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता की झलकी खुशी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की दिशा में कारगर साबित हो रही है। महिलाओं के सम्मान और उन्हें जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिली है। इस योजना अंतर्गत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि प्राप्त हो रही है। अब तक जिले में लगभग 2 लाख 57 हजार महिलाओं को 10 किश्त में लगभग 242 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई है। महिलाओं के चेहरों पर यह खुशी आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता की है। उन्होंने मोबाईल पर महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का नोटिफिकेशन दिखाकर अपनी खुशी जाहिर की राजनांदगांव शहर के शीतला पारा वार्ड नंबर 8 मोतीपुर निवासी श्रीमती मधु साहू ने बताया कि वह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि को बचत कर रही हैं। एक ही परिवार के तीन महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही है। 50 वर्षीय श्रीमती सरोज निर्मलकर गृहिणी हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि वह इस राशि का उपयोग घरेलू खर्च में करती हैं। वही उनकी देवरानी श्रीमती रजनी निर्मलकर ने बताया कि वह प्राप्त राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए कर रही है। उनकी बहू श्रीमती कंचन निर्मलकर ने बताया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग अपने बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए करती हैं। एक ही परिवार की दो महिला श्रीमती वेणु साहू एवं श्रीमती शोभा साहू भी महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि वह इस राशि का उपयोग घरेलू कार्य में कर रही है।

छोटे बच्चों को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, विटामिन युक्त पौष्टिक आहार दें - कलेक्टर

कलेक्टर पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत ग्राम बोदेला आंगनबाड़ी केन्द्र में पालक चौपाल कार्यक्रम में हुए शामिल

सुपोषित बच्चों की माताओं को श्रीफल देकर किया सम्मानित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल जिले में चले रहे पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत पालक चौपाल कार्यक्रम में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बोदेला आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका पहल विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कम वजन वाले बच्चों के वजन में वृद्धि कर सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए शिशुवती माताओं एवं गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। बच्चों के वजन में वृद्धि करने और सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत पालक चौपाल का प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पालक चौपाल में कुपोषित बच्चों के माताओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने सुपोषित बच्चों की माताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल नियमित भेजने के लिए कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत पालक चौपाल में छोटे-छोटे बच्चों के माताओं को बहुत ही सरल तरीके से अच्छे खान-पान से बच्चों का वजन बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वच्छता रखने के तरीके भी बताए। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को भी पौष्टिक भोजन और स्वच्छता रखने के तरीके बताएं। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए उचित खान-पान की जरूरत होती है। बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, आयरन से भरपूर खाद्यान्न सामग्री सेवन कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए अभिभावकों को तरीके बताए। उन्होंने पालकों से कहा कि हमारे आसपास बहुत सारी हरी सब्जी, खाद्य सामग्री होती है, जो बहुत पौष्टिक और प्रोटीन, विटामिन युक्त होती है, जिसका सेवन अवश्य करना चाहिए। बच्चों को हरी सब्जी, दाल, भाजी, पपीता, केला जैसी खाद्य वस्तुओं को अच्छी मात्रा में खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में खाने के लिए आदत डालना है। उन्होंने बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी, जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे।

कमला कालेज के रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के रासेयो इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सालिकाझिटिया (अर्जुनी) में दिनांक 28.11.2024 से 04.12.2024 तक डॉ. आलोक मिश्रा, प्राचार्य तथा सुश्री मणीभास्कर गुप्ता जनभागीदारी अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि भरत वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं समाजसेवी, अध्यक्षता दिनेश साहू, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी, विशेष अतिथि तामेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि, जनभागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय अर्जुनी, विशेष उपस्थिति रेशम लाल साहू, सरपंच ग्राम सालिकाझिटिया के आतिथ्य में दिनांक 28.11.2024 को संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नीलू शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राज्य वेयर हाउस एवं समाजसेवी, विशेष अतिथि रेशम लाल साहू ग्राम.सालिकाझिटिया, विशेष अतिथि रामकुमार गुप्ता समाजसेवी, विजय जैन समाजसेवी, डॉ. अंजना ठाकुर, प्राचार्य नवीन महाविद्यालय-अर्जुनी, डॉ. लहरे प्राध्यापक महाविद्यालय अर्जुनी, पद्मलोचन शर्मा प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल अर्जुनी, मनीष साहू, जनपद सदस्य, एनेश्वर साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, अनिल कुमार उपाध्यक्ष ग्रा.वि.स. चुम्मन साहू, सचिव, ग्रा.वि.स. गणेश राम साहू, ग्राम पटेल, डोमन साहू कोषाध्यक्ष, मोहन साहू, अध्यक्ष शाला विकास समिति के आतिथ्य में दिनांक 04.12.2024 को संपन्न हुआ। शिविर में प्रतिदिन प्रातः 5.30 पर प्रभातफेरी के पश्चात पीटी एवं योगाभ्यास के पश्चात, स्वच्छता कार्य एवं अन्य परियोजना कार्य तदोपरांत दोपहर 2.30 बजे से बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत दिनांक 29.11.2024 को साइबर जागरूकता विषय विशेषज्ञ द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, एएसआई राजनांदगांव, दिनांक 30.11.2024 विधिक जागरूकता राजेश चंदेल, अधिवक्ता, जिला सत्र न्यायालय राजनांदगांव, 01.12.2024 एड्स जागरूकता नांगेश्वर यदु, टीआई प्रोग्राम मैनेजर तथा युवा जुर्ग, डॉ. एसआर कजौंजे, दिनांक 02.12.2024, भारतीय संविधान की विशेषताएँ, सुश्री आबेदा बेगम सहायक प्राध्यापक, डॉ. केके द्विवेदी पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन, 03.12.2024 को डॉ. बसंत सोनबेर, तनाव प्रबंधन, खिलेन्द्र सोनी स्वास्थ्य शिक्षा एवं योग शिक्षक द्वारा व्याख्यान दिया गया।

आयुक्त विश्वकर्मा ने किया टांका घर का निरीक्षण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज टाकाघर का आकस्मिक निरीक्षण कर जल, विद्युत एवं मोटर विभाग के प्रभारियों से उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने कर्मचारियों की संख्या, कार्य का समय, पानी टेंकर, सफाई संबंधी गाड़ी के अलावा विद्युत की जानकारी ली। मोटर विभाग के प्रभारी टैंकर तथा जे.सी.बी. आदि के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से मांग अनुसार वार्डो में एवं आयोजनों में टैंकर सप्लाई की जाती है, स्वास्थ्य विभाग के कार्यो के लिये जे.सी.बी. टिप्पर, टेक्टर भी सुबह निकल जाते है तथा डिवाईडर एवं पेड पौधें में सिचाई की जाती है। आयुक्त ने सभी गाड़ियों की आवश्यक मेंटनेंस व मरम्मत करने के निर्देश दिये और कहा कि आवश्यकता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर वाहनों का संचालन पेयजल व सफाई में किया जाये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने टाका घर स्थित टॉकियो से शहर में पानी सप्लाई होने वाले क्षेत्रों की जानकारी लेते हुये जल विभाग के प्रभारी से कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन, गंदे पानी आने, कम पानी आने आदि का यथासंभव जल्द निराकरण करे, आवश्यक सामाग्री का भंडारण रखे। सभी कर्मचारी प्रातः जल्दी काम पर आकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करे एवं शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करे। उन्होंने विद्युत प्रभारी से कहा कि कर्मचारी सुबह जल्दी वार्डो में जाकर लाईट मरम्मत करे तथा लाईट संबंधी शिकायतो का त्वरित निराकरण करे। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे सहित मोटर, जल एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल. बल्देवबाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नीरज पैरेन्ट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग के कक्षा 1 के छात्रों को शर्मा बेकरी का भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चों को बेकरी में बनने वाले भिन्न.भिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों को बनाने के संबंध में बताया गया। जिसमें केक एवं पेस्ट्री के संबंध में जानकारी दिये जाने पर बच्चों का ध्यानाकर्षण रहा। एवं शैक्षणिक भ्रमण की कड़ी में ही कक्षा 2 के छात्रों को राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन भ्रमण कराया गया।

शुभांक

4-5-9

156-2 489-1

भाग्यांक

346-3 349-6

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

//उद्घोषणा//

क्रमांक 7424 ना.नजूल /2024
रा.प्र.क्रं.. -202412201500002
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक 7524 ना. नजूल / 2024
खैरागढ़, दिनांक 04/12/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/कैला ना.बा. अनंत जैन पिता प्रिथेश जैन द्वारा संरक्षक/पालक प्रिथेश जैन आय दितीय जैन निवासी ग्राम बल्देवपुर तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मौहल्ला सिविल लाईन स्लाक नं. 01 स्थित भूखण्ड क्रमांक 39/3 रकबा 4350 स्क्वेयर फो आवेदक / संरक्षक द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 07.10.2024 के माध्यम से अनावेदकगण / विक्रेता राजकुमार छावेड़ा पिता मूलचंद निवासी बक्शीगार्ड वार्ड क्रमांक-08 खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से क्रय उपरांत उक्त बाद भूमिसंबंधी रिकार्ड पर अपना नाम दर्ज किए जाने चाहाता आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतएव उपरोक्तानुसार बाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदक / संरक्षक के नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप हितग्रह प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04-12-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय परम्परा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
खैरागढ़- छुईखदान-गण्डई

सील

निधन

देवलाल साहू

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पाररास निवासी देवलाल साहू 60 वर्ष का निधन 5 दिसंबर को हो गया है उनका अंतिम संस्कार पाररास मुक्ति धाम में किया गया देवलाल साहू के दो पुत्र देवेन्द्र साहू सुनिल साहू और एक पुत्री सुनीता साहू है देवलाल साहू के अंतिम संस्कार में परिजन मोहल्लेवासी सामाजिक बंधु और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

उफ़ले पड़ो

जमाना अब बदल गया,
नया जमाना आ गया।
प्रचार प्रसार का जरिया बन
बस एक तमाशा आ गया,
जिनको सुध नहीं थी,
उफलना भी आ गया।
गंदगी उफल उफल रहा है,
मोती पानी तले रह गया।

गजेन्द्र बख्शी
अधिवक्ता
रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3
राजनांदगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़।
के न्यायालय में ममता क्रमांकः 2024120352000 06
विषयः अ-दा. ममते की श्रेणी - टा.प्रय
सन्-2024-2025
जामदी प.ह.न. 00021[(डी)]
पक्षकार का विवरण - आवेदक पक्षकार - देवी प्रसाद साहू,
अनावेदक पक्षकार -

ईस्तहार

एतद द्वारा सर्व संबाधण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवी प्रसाद साहू आ. रांमू साहू जाति तेली ग्रा जामदी तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पूर्वी मनीष आ. देवी प्रसाद साहू का जन्म दिनांक 06.05.2006 को स्थान जामदी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मो 9174258400

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उचर व दावा हो तो वह ईस्तहार प्रकाशन दिनांक 20.12.2024 उक्तोक्त पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधी बाद दावा दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय से आज दिनांक 02/12/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

सील

आम सूचना

राकेश कुमार
अधिवक्ता

पता : दिग्विजय स्टेडियम दॉनि परिक्षेत्र
हनुमान मंदिर के सामने राजनांदगांव छ.ग.
मो.नं. 93000492479

: पंजीयत नोटिस ए/डी ::-

वास्तेः- रवि पी. सोमया आ0 प्रवीण सोमया
आयु लगभग 42 वर्ष पेशा व्यवसायी
निवासीः- जसवंश अपार्टमेण्ट बल्देव बाग राजनांदगाँव छ.ग.

प्रति,
प्रकाशचन्द गुप्ता आ. छेदीलाल गुप्ता
आयु लगभग 65 वर्ष
निवासीः- इन्दिरा नगर राजनांदगाँव तहसील व जिला- राजनांदगाँव छ0ग0

मेरे उपरोक्त बतलाये गये पक्षकार के निर्देशानुसार आपको निम्नलिखित नोटिस प्रेषित की जा रही है:-

1. यह कि, मेरे पक्षकार एवं आपका नाम व पता उपरोक्त शीर्ष में दर्शाये अनुसार है।
2. यह कि, आपका गुरुद्वारा चौक मे तेल एवं इलेक्ट्रॉनिक का दुकान है। जहां से मेरा पक्षकार समान लेता था उक्त कारण से दोनों के मध्य जान पहचान है एवं मधुर संबंध है।
3. यह कि, आपके द्वारा मेरे पक्षकार से अपने आवश्यक आवश्यकता हेतु 3,00,000 रूपये काम चलाउ ऋण की मांग की गई। मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त मधुर संबंध को देखते हुए उक्त राशि दिनांक 10/04/2024 को आपको नगद 3,00,000 रूपय काम चलाउ ऋण दिया गया। जिसे आपके द्वारा प्राप्त किया गया। आपके द्वारा मेरे पक्षकार को यह आश्वासन दिया गया था कि, उक्त काम चलाउ ऋण की राशि की अदायगी मेरे द्वारा 6 माह के अंदर कर दिया जायेगा। जिस पर मेरा पक्षकार सहमत हो गया।
4. यह कि, 6 माह की अवधि पूर्ण हो जाने के बाद मेरे पक्षकार के द्वारा आपसे उक्त काम चलाउ ऋण की मांग की गई। किन्तु आपके द्वारा मेरे पक्षकार को उक्त काम चलाउ ऋण की अदायगी करने के लिए हिला हवाला किया गया। मेरे पक्षकार के बार बार आपसे व्यक्तिगत एवं मोबाईल फेन द्वारा सम्पर्क करने पर आपके द्वारा दिनांक 11/11/2024 को 2,00,000 रूपये एवं 1,00,000 रूपये का अपने बैंक आँफ इंडिया के खाता कमांक 930310100013051 का चैक कमांक 077607 एवं 077608 मेरे पक्षकार को दिया गया। जिसे मेरे पक्षकार द्वारा अपने केनरा बैंक मे आहरण हेतु जमा करने से पूर्व आपकी सहमति ली गई। जिस पर आपके द्वारा सहमति दी गई।
5. यह कि, मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 11/11/2024 को अपने केनरा बैंक के खाता कमांक 7865701000097 29 शाखा राजनांदगाँव मे उक्त चैक को आहरण हेतु जमा किया गया। मेरे पक्षकार को केनरा बैंक द्वारा दिनांक 12/11/2024 उक्त चैक अनादरण की सूचना देते हुए बिना भुगतान के वापस लौटा दिया गया। बैंक द्वारा रिटर्न मेमो दिया गया जिसमे चैक अनादरण का कारण Account blocked situation covered in 2125 बताया गया। जिसकी सूचना मेरे पक्षकार के द्वारा आपको मोबाईल फेन द्वारा दिया गया।
6. यह कि, मेरे पक्षकार के द्वारा आपको चैक अनादरण की सूचना देने के बाद भी आपके द्वारा राशि अदायगी संबंधी कोई आश्वासन मेरे पक्षकार को नही दिया गया। आपका उक्त कृत्य धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है।
7. यह कि, आपके द्वारा किये गये कृत्य से मेरे पक्षकार को मानसिक एवं आर्थिक नुकसानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए आप पूर्ण रूपेण जिम्मेदार है। आपका उक्त कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) एवं पराक्रम लिखत अधिनियम 1881 के अनर्गत धारा 138 के तहत् अपराध है।

अतएव इस नोटिस के माध्यम से आपको शक्त ताकिद दी जाती है कि नोटिस प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर मेरे पक्षकार से सम्पर्क कर उक्त चैक की राशि 2,00,000 रूपये एवं 1,00,000 रूपये कुल 3,00,000 रूपये की आदायगी मेरे पक्षकार को चैक द्वारा कर देंवे। अन्यथा मे मेरे पक्षकार के द्वारा आपके विरूद्ध दंडित न्यायालयीन कार्यवाही पराक्रम लिखत अधिनियम 1881 अनर्गत धारा 138 के तहत् आपके विरूद्ध न्यायालय मे परिवाद प्रस्तुत की जावेगी। जिसके सम्पूर्ण हर्जे एवं खर्चे के लिए आप पूर्ण रूपेण जिमेदार होंगे।

इस नोटिस का व्यय 5000 रूपये आपकी ओर से देय होगा।

स्थानः- राजनांदगाँव **अधिवक्ता वाले नोटिसदाता**
दिनांकः- 18/11/2024

nandgaon times dec-07-05.qxd 12/7/2024 12:00 AM Page 3

ज्ञान मंथन

1) हाल ही में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया किस देश में यूपीआई विकसित करेगा?
2) अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल मिनटमैन-3 किस देश ने विकसित की है?
3) भारतीय मूल के उस लेखक का क्या नाम है जिसके उपन्यास द इनहेरिटेन्स ऑफ लॉस को मैन बुकर पुरस्कार मिला है?
4) जापान में पाया गया युशो रोग किसके कारण प्रदूषण से संबंधित है?
5) हाल ही में हिंदी साहित्य भारती पुरस्कार किसे दिया गया है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) पेरू (2) अमेरिका (3) किरण देसाई (4) पीसीबी (5) कृष्ण प्रकाश

जनमत....

मेरा पानी उतरता देख,
मेरे किनारे पर घर मत बना लेना।
मैं समुंदर हूँ,
लौट कर वापस आउँगा।।
सचमुच शर्माजी इस बात में दम था
या मोदी जी करिश्मा?
इस पर आपका क्या मत है?
इस पर शर्मा जी दार्शनिक अंदाज में
हृदय पट खोले-
तनिक ठहर कर बोले।
न यह है मोदी का करिश्मा
और नही देवेन्द्र का संकल्प।
2019 के चुनाव का मेंडेट
भाजपा शिवसेना अलाइंस के लिए था।
पर जोड़- तोड़ की राजनीति
अनीति को नीति बनाने की कूटिल चाल को
लोग समझ गए थे।
उसी दिन से ही जन-जन
बस एक संकल्प लिए थे।
पहले जो खुद था सी.एम.
उनका डिप्टी सी.एम.बनना,
ईगो का त्याग करना ,
लोगों को भा गया।
इतिहास उठाकर देख लीजिए
कि लोकतंत्र में
सत्ता के लिए जब- जब भी जनमत का
अपमान किया,
जनता ने ही प्रतिकार लिया ।
नही होता बड़ा कोई चेहरा
जनता ने ही आकार दिया ।
दल बनेगी और बिगड़ेगी ,
सरकारें भी आयेगी-जायेगी
रहना चाहिए लोकतंत्र
क्या करें?
कोई माने न माने,
लोगों ने मान लिया है।।

कु. तृप्ति साहू
पं दीनदयाल कॉलोनी(
राजनांदगांव)

आदिवासी बनवासी परिवारों की 108 बेटियों के धर्म पिता बनकर 26 फरवरी कन्यादान करेंगे : धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी

बागेश्वर धाम छतरपुर।

मध्य भारत के छतरपुर जिले के अंतर्गत छोटा सा गांव गढ़ा गंज थाना बमीठा वर्तमान में भारत सहित विदेश के कई देशों में अपना नाम स्थापित कर चुका है 4 जुलाई 1986 को एक छोटे से परिवार में जन्म लेने वाले पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी जिनको माता-पिता और गांव के मित्रगण बचपन में धीरू महाराज के नाम से पुकारते थे आज वह 28 वर्ष की अल्पायु में विश्व के सनातन हिंदू एकता मुद्दे को लेकर जन-जन में लोकप्रिय हो चुके हैं ।

उन्होंने भारत के 100 करोड़ से अधिक सोए हुए हिंदुओं को जागने का काम किया है उन्होंने 21 नवंबर 2024 से अपने ग्रह ग्राम गढ़ा गंज बमीठा सिद्ध पीठ श्री श्री 1008 श्री बागेश्वर धाम सरकार धार्मिक स्थान से सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया जिसका समापन 29 नवंबर 2024 को श्री राम राजा सरकार मंदिर ओरछा धाम जिला निवाड़ी पहुंचकर यात्रा को विश्राम किया । इस अवसर पर भारत के 50 से अधिक राष्ट्रीय संत देश के अनेक नेता राजनेता समाजसेवी एवं भारत देश के विभिन्न प्रांतो से आए 400 से अधिक प्रिंट इलेक्ट्रानिक सोशल मीडिया के पत्रकारों के बीच लाखों जन समुदाय के बीज उन्होंने अपनी आगामी घोषणा सामाजिक समरसता के काम करने की करते हुए बताया कि वह 26 फरवरी 2025 को 251 कन्याओं बेटियों का विवाह महाशिवरात्रि के दिन करने जा रहे हैं । पंजीयन की तिथि 15 दिसंबर रखी गई है ।जिसमें 108 बेटियां केवल आदिवासी बनवासी जिनके माता-पिता नहीं है उनको सबसे पहले स्थान देंगे ।उनके धर्म पिता बनाकर कन्यादान करेंगे । इस कन्या विवाह में भारत देश के किसी भी राज्य से बेटियां अपना पंजीयन कर सकती हैं अन्य समाज की 143 ऐसी बेटियों का भी विवाह होगा जो सनातन संस्कृति हिंदू धर्म की बेटियां होगी और उनका होने वाला पति वर भी हिंदू होगा । आर्थिक दृष्टि से कमजोर दिव्यांग जोड़ों को भी इसमें स्थान मिलेगा श्री श्री 1008 श्री बागेश्वर धाम सरकार ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के दिन इस प्रकार का आयोजन लगभग 6 वर्षों से किया जा रहा है इसकी शुरुआत बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने जीवन में गरीबों के समय की अपनी बहन की शादी की संकट और संघर्ष के साथ की थी उसी को लेकर के 2019 में सर्वप्रथम 21 बेटियों का विवाह वर्ष 2020 में 51 इसी प्रकार से है संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है पिछले वर्ष 2023 में 251 बेटियों को चम्मच से लेकर के बाइक मोटरसाइकिल तक दान दहेज में वर और वधू को प्रदान की गई थी । कन्या विवाह का यह कार्यक्रम भारत में सामाजिक समरसता एकता अखंडता की प्रमाणिकता जनमानस के बीच है । बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने अभी यह दान दहेज की घोषणा नहीं की है कि उन्हें 26 फरवरी 2025 को दान में क्या मिलेगा लेकिन उन्होंने यह संकेत दिए हैं कि महाशिवरात्रि के दिन श्री बागेश्वर धाम सरकार की कृपा से बेटियों की कन्यादान के समय घर गृहस्ती और उनके जीवन को संचालित करने के लिए वह सभी वस्तुएं दान की जाएगी जो एक परिवार में अति आवश्यक होती हैं ।

कैंसर हॉस्पिटल की आधारशिला महाशिवरात्रि के दिन रखी जाएगी पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

श्री श्री 1008 श्री बागेश्वर धाम सरकार पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने श्रीमद् भागवत कथा व्यास गद्दी से बहुत बड़ा संदेश दिया है कि उनके मन में भारत देश के कैंसर रोग से पीड़ित गरीब लोगों की मदद उनकी जाएगी, जान बचाने के लिए धाम पर एक कैंसर हॉस्पिटल बनाने का जो संकल्प था वह संकल्प महाशिवरात्रि के दिन भूमि पूजन के साथ शुरू होगा। उपरोक्त जानकारी बुंदेलखंड क्षेत्र के आठ जिलों में मोटरसाइकिल से यात्रा कर रहे समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने संग्रह करते हुए जनमानस के बीच आलेख और समाचार के माध्यम से जन-जन तक भेजने का संकल्प लिया है उसी क्रम में इस तरह के आलेख समाचार भारत के राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित हो रहे हैं ।

कैंसर हॉस्पिटल के माध्यम से बुंदेलखंड सहित भारत के किसी भी राज्य के गरीब पीड़ित परेशान अनाथ जिनकी मदद करने के लिए कोई नहीं होगा ऐसे कैंसर पीड़ित मरीज के लिए श्री बागेश्वर धाम सरकार ट्रस्ट के द्वारा उनको उपचार दिया जाएगा रहने खाने समस्त सुविधा धाम की ओर से रहेगी । बागेश्वर धाम सरकार की ओर से जो प्रकल्प चलाए जा रहे हैं उसमें सबसे पहले सामाजिक समरसता मानवता पर्यावरण संरक्षण स्वच्छ भारत अभियान एक गए एक परिवार हर हिंदू परिवार में तुलसी का पौधा रोकने का संकल्प चल रहा है । सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के समय उन्होंने जो संकल्प लिए हैं उसमें जात-पात और भेदभाव को जड़ से हमें मिटाना है हिंदू राष्ट्र बनाना है सबसे पहले सद्भाव को छूट जनमानस को दिया गया है उनका कहना है कि यदि हम भारत के हिंदू बिखरे रहेंगे तो सनातन धर्म आगे चलकर समाप्त हो सकता है इसलिए सभी को छुआछूत जातिवाद के जहर को समाप्त करना होगा हिंदुओं को यह होकर संगठित रूप से कार्य करने के लिए आगे होना । भारत में सनातनियों को हम जागने के लिए सनातन हिंदू एकता पदयात्रा शुरू कर रहे हैं हम भारत को भव्य बनाएंगे सनातन में पंत अनेक हैं लेकिन हम सब हिंदू एक हैं । इस संदेश को लेकर 9 दिवसीय सनातन हिंदू एकता पदयात्रा शुरू हुई जिसमें विभिन्न राज्यों के 20000 से अधिक भक्तों ने लगातार 9 दिन तक पद यात्रा की । प्रतिदिन क्षेत्रीय लोगों ने पदयात्रा में चल के लाखों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई संपूर्ण पदयात्रा में भव्य स्वागत शुल्पाहार भजन एवं पुष्प वर्षा का आयोजन जनमानस के द्वारा किया गया जिसकी कल्पना करना मुश्किल था वह काम हो गया । भारत के जाने-माने संत महात्मा साहित्यकार कवि फिल्मी दुनिया के कलाकार राजनेता सभी वर्ग के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने संयुक्त रूप से समय-समर पर अपनी उपस्थिति निभाई है जिसमें कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी समाजवादी पार्टी और विभिन्न छोटी-मोटी पार्टियों के राजनेता सनातन हिंदू एकता में पदयात्रा में शामिल रहे जिससे यह संदेश जाता है कि आने वाले समय में भारत हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए सभी संगठित हो रहे हैं । सनातन धर्म सनातन हिंदू एकता बचाने के लिए बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने अपने उद्बोधन और अपने विचारों से प्रत्येक धार्मिक मंच से सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आवाहन किया है कि हमें आपसी मतभेद और बुराइयां भूल कर भारत के पुराने इतिहास को याद करते हुए अब संगठित होकर माता-पिता भाई बहनों और आने वाली संतान की सुरक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष और साहस के साथ अपने अधिकार मांगने के लिए तैयार लेना होगा । संपूर्ण पदयात्रा में समाज की वर्ण व्यवस्था के अनुसार दबे कुचले गरीब पिछड़े वर्ग दलित वर्ग आदिवासी बनवासी पुरुष और महिलाओं को प्रातः काल पदयात्रा शुरू होने के पहले राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्रगान का शुभारंभ किसी बहुत ही छोटे गरीब किसान मजदूर पुरुष व महिला को मंच पर बुलाकर उनके द्वारा सम्मान के साथ मुख्य अतिथि बनकर ध्वजारोहण कराया गया । पदयात्रा में ऐसे व्यक्ति भी शामिल हुए जिनमें दोनों नेत्र नहीं थे दोनों पैर नहीं थे किसी के हाथ नहीं था लेकिन राष्ट्र देश प्रेम के कारण सैकड़ो दिव्यांग लोगों ने भी पदयात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लगातार 9 दिन तक पदयात्रा में शामिल रहे । हिंदू एकता पदयात्रा में दोपहर भोजन के बाद होने वाले संदेश संगोष्ठी में ऐसे ऐसे अद्भुत चमत्कार देखने को मिले हैं जिनकी कोई व्यक्ति कल्पना नहीं कर सकता था मंच पर गरीब से गरीब पीड़ित परेशान निर्धन चाहे वह किसी जाति वर्ग का हो उसको पीठाधीश्वर के द्वारा मंच पर सम्मानित आमंत्रित किया गया उनकी मदद की गई जिसकी संपूर्ण भारत में इस बात का संदेश गया है कि बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की कथनी और करनी में कहीं अंतर नहीं देखा गया है । रहे चलते लोगों को दूर-दूर खड़े व्यक्तियों को महिलाओं को बच्चों को नाम लेकर सुरक्षा घेरे के अंदर बुलाकर के गले लगाया और यहां तक की जिन्हें हम समझ में अछूत और घृणा की दृष्टि से देखते हैं उनके साथ बैठकर भोजन करना संपूर्ण भारत के राजनेताओं और मठ मंदिरों के संत महात्माओं को संदेश दिया है कि हमें मानव को मानव के अंदर प्रेम जगाना उन्हें गाली लगाना सामाजिक समरसता का संदेश देने के लिए सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का संदेश अमिट छाप छोड़ गया पूरे भारत की मीडिया और उन लोगों को शोध करने के लिए पीएचडी करने के लिए उदाहरण बन गया है कि वह बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की ईश्वरी शक्ति आत्मविश्वास आत्म शक्ति सामाजिक समरसता का संदेश मानवता का संदेश किस तरह से समाज में होना चाहिए संपूर्ण पदयात्रा में देखने को मिला है इस बात के साक्षीगण सैकड़ो में नहीं हजारों में नहीं लाखों लोगों में थी और लाखों लोगों के दिलों में सनातन हिंदू एकता पदयात्रा अपना स्थान और छाप बनाकर आने वाली भविष्य की पदयात्रा श्री मथुरा वृंदावन से भारत की राजधानी दिल्ली तक होने वाली में कुछ नया चमत्कार होगा । मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश प्रति से सैकड़ो पत्रकार पदयात्रा का कवरेज करते रहे जिन्होंने इस पदयात्रा की प्रत्यक्ष अनुभूति प्राप्त की है । बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी भारत और देश विदेश के एक से एक महान विद्वान शिक्षित बुद्धिजीवी पत्रकारों की जवाब पल में देते हैं कोई भी पत्रकार मीडिया कर्मी उनके जवाब से कभी असंतुष्ट नहीं रहा है इसी कारण से वह वर्तमान में भारत सहित विदेशों की मीडिया में भी अपना स्थान बना चुके हैं गूगल मैन गूगल के एक महापुरुष के रूप में उन्हें स्थान मिल चुका है । बागेश्वर धाम धार्मिक तीर्थ स्थल गढ़ा गंज थाना बमीठा जिला छतरपुर आज विश्व के नक्शे पर आ गया है मध्य प्रदेश का विश्व पर्यटन स्थल खजुराहो मूर्ति कला में अपना स्थान रखता है लेकिन सनातन धर्म के लिए आज पूरे विश्व में श्री श्री 1008 श्री बागेश्वर धाम सरकार धार्मिक स्थल प्रत्येक व्यक्ति मनुष्य मानव के लिए आध्यात्मिकता धार्मिक दहक वैदिक भौतिक समस्याओं का समाधान का केंद्र बन चुका है वेद पुराण शास्त्रों उपनिषद और धार्मिक ग्रंथो श्री रामचरितमानस धार्मिक ग्रंथ में श्री रामराज की कल्पना जो संत तुलसीदास जी द्वारा वर्णन की गई है उसी को लेकर के बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी प्रकृति की परा शक्तियों के माध्यम से लोगों की व्यक्तिगत समस्याएं भूत प्रेत भटकती हुई आत्माओं और पूर्वजों की मोक्ष के द्वारा का रास्ता खोलती हैं । बागेश्वर धाम धार्मिक स्थल पर वर्ष 2018 में जहां छोटे से मंदिर के आसपास छोटे-छोटे बच्चे फूलों नारियल बेचा करते थे आज वहां पर 1000 से अधिक विभिन्न प्रकार की मिष्ठान नारियल धार्मिक ग्रंथ पुस्तक भजन प्रसादी की दुकानें संचालित हो रही हैं और ठहरने के लिए आलीशान होटल बन चुके हैं जिसमें लगभग 5 हजार लोगों को रोजगार भी मिला है भारत सरकार को रेलवे और हवाई जहाज के माध्यम से करोड़ों रुपया मासिक आए हो रही है वहीं आवागमन के वाहनों से देश के और विदेश के भक्तगण स्थान पर आते जाते हैं जिससे लगभग 25 करोड़ रूपया मासिक आमदनी मध्य प्रदेश शासन और विभिन्न प्रकार के वाहनों को हो रही है । बागेश्वर धाम पर अन्नपूर्णा भंडारा कई वर्षों से लगातार चल रहा है जिसमें 5 से 20 हजार भक्तगण प्रतिदिन भोजन प्रसादी निशुल्क रूप से दोनों समय करते आ रहे हैं इस कर में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल और ट्रस्ट द्वारा संपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं मध्य प्रदेश शासन द्वारा धार्मिक क्षेत्र में संपूर्ण जगह स्वच्छता प्रकाश सुरक्षा वर्ग औषधियां आवागमन की सुविधा पुलिस सुरक्षा बल मेडिकल सुविधा व्यवस्थित की गई हैं जिनका पूर्ण रूप से संपूर्ण भारत से आने वाले भक्तगणों को लाभ मिलता है । बागेश्वर धाम धार्मिक तीर्थ स्थल पर लगभग 300 भक्तगण घर परिवार से संन्यास लेकर सनातन हिंदू एकता की आध्यात्मिकता की ध्वज लेकर रात दिन सेवा में लगे हुए हैं और उनका पूरा परिवार बागेश्वर महाराज की कृपा से सुख शांति समृद्धि की ओर चल रहा है । बागेश्वर बालाजी पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी द्वारा संपूर्ण भारत के तीर्थ स्थल मठाधीशों शंकराचार्य कथा व्यासों सभी को एक मंच पर लाने का प्रयास 3 वर्षों से लगातार चल रहा है और इसी माध्यम से आज भारत में प्रत्येक हिंदू गर्व से हम हिंदू हैं अपनी बुलंद आवाज में बोलने की दम रखते लगा है । गैर राजनीतिक धार्मिक स्थान से पूरे भारत में सनातन हिंदू एकता संगठन के माध्यम से भारत की संस्कृति संस्कार नैतिक शिक्षा व्यवहारिक जीवन वेद पुराण शास्त्र उपनिषद धार्मिक ग्रंथो का सम्मान होने लगा है प्रत्येक धार्मिक स्थान पर मंदिरों पर सनातन धर्म का ध्वज लहराने लगा है और भविष्य में भारत सनातन संस्कृति सनातन धर्म हिंदू राष्ट्र बनने की और आगे बढ़ रहा है ।

धर्म समाचार....

क्या सच में माता निकुंभला की साधना करने वाला व्यक्ति हो जाता है अमर ?

सनातन शास्त्रों में निहित है कि त्रेता युग में मेघनाथ सबसे बड़ा वैष्णव या तपस्वी था। मेघनाथ ने सफलपूर्वक वैष्णव यज्ञ किया था। इसके अलावा केवल दानवीर कर्ण ही ऐसा करने में सफल हो सके थे। वहीं पाशुपतास्त्र अर्जुन और मेघनाथ के पास ही था। कठिन भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने मेघनाथ को पाशुपतास्त्र प्रदान किया था।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और लंका नरेश रावण त्रेता युग के समकालीन थे। दशानन रावण के पिता ऋषि विश्रवा थे। वहीं, रावण की माता कैकसी थीं। ऋषि विश्रवा के पिता महर्षि पुलस्त्य थे, जो ब्रह्मा जी के मानस पुत्र थे। अपने पिता ऋषि विश्रवा की तरह दशानन रावण ज्ञानी एवं पंडित थे। तत्कालीन समय में दशानन रावण सबसे बड़े ज्योतिष भी थे। सर्वप्रथम दशानन रावण ब्रह्मा जी के भक्त थे। कालांतर में अमरता का वरदान प्राप्त करने हेतु लंका नरेश रावण ने देवों के देव महादेव की कठिन तपस्या की।

कठिन भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने रावण को अमरता का वरदान न देकर मायावी विद्या प्रदान की थी। इस वरदान को पाकर रावण अजेय हो गया। हालांकि, बाद में रावण ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग भी किया। अपनी शक्ति के दम पर रावण ने सभी ग्रहों को बंदी बनाकर मेघनाथ की कुंडली के शुभ भाव में रख दिया। उस समय शनिदेव ने रावण के ज्योतिषीय गणना को असफल कर दिया। इसके चलते मेघनाथ अमर नहीं हो सका। मेघनाथ ने भी भगवान शिव की कठिन तपस्या कर अमरता का प्राप्त करना चाहा था। भगवान शिव ने मेघनाथ को पाशुपतास्त्र वरदान में दिया। इस अस्त्र के माध्यम से मेघनाथ ने तीनों लोकों पर विजय हासिल की थी। साथ ही स्वर्ग के सभी देवताओं को बंदी बना लिया था। उस समय ब्रह्मा जी ने मेघनाथ को ऐसा न करने की सलाह दी थी। अपने पिता की तरह मेघनाथ ने ब्रह्मा जी से अमरता का वरदान देने के शर्त पर इंद्र को छोड़ने की बात की।ऐसा भी कहा जाता है कि इस युद्ध में भगवान कार्तिकेय ने देवताओं का नेतृत्व किया था, लेकिन पाशुपतास्त्र और ब्रह्मास्त्र के सम्मान में मेघनाथ को विजय हासिल करने दी थी। मेघनाथ के हठ को देख ब्रह्मा जी ने मेघनाथ को अमर होने का सूत्र बताया। इस समय ब्रह्मा जी ने रावण की कुल देवी माता निकुंभला की साधना करने की सलाह दी। आइए, इस पौराणिक प्रसंग के बारे में जानते हैं-

माता निकुंभला कौन हैं?

दशानन रावण द्वारा माता सीता के हरण के बाद भगवान श्रीराम ने अपने सेवक हनुमान जी को पता लगाने के लिए लंका भेजा। इस प्रयास में हनुमान जी सफल रहे थे। उस समय हनुमान जी लंका नरेश रावण को माता सीता को सम्मान पूर्वक लौटाने की बात की थी। हालांकि, हठी रावण ने हनुमान जी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसके बाद

अंगद, विभीषण और रावण का भाई कुंभकर्ण ने भी माता जानकी को लौटाने की सलाह दी थी। दशानन रावण नहीं मानें। इसके फलस्वरूप वानर सेना की मदद से भगवान श्रीराम ने लंका नरेश रावण को युद्ध के लिए ललकारा।

इस युद्ध में एक के बाद एक रावण पक्ष के योद्धा मारे गये। यह देख रावण घबरा गये और अपने पुत्र मेघनाथ को युद्ध के लिए भेजा। मेघनाथ ने पिता की आज्ञा का पालन कर लक्ष्मण जी से युद्ध किया। इसी समय मेघनाथ ने अमरता पाने के लिए माता निकुंभला के निमित्त तंत्र यज्ञ किया। इसकी जानकारी विभीषण को थी। उन्होंने तत्काल से हनुमान जी को मेघनाथ के यज्ञ को भंग करने की सलाह दी।कहते हैं कि वानरों ने मेघनाथ के यज्ञ को भंग कर दिया था। इसके चलते मेघनाथ को मायावी रथ प्राप्त नहीं हो सका था। इस रथ पर मेघनाथ विराजमान या रहने पर कोई योद्धा इंद्रजीत का वध नहीं कर सकता है। माता निकुंभला की भक्ति कर रावण को सिद्धि प्राप्ति हुई थी।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर में और बेहतर सुधार करें - कलेक्टर

शासकीय योजनाओं से अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को लाभान्वित करने किया जा रहा शिविरों का आयोजन, किसान अपने वास्तविक उपज की बिक्री धान खरीदी केन्द्र में करें

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम टप्पा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री भरत वर्मा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह शामिल हुए। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को संबंधित विभागों के स्टॉल में पहुंचकर सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में शासन की योजनाओं के अंतर्गत कृषि विभाग के हितग्राहियों को बैटरी स्प्रेयर पंप एवं बीज किट, श्रम विभाग के हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड, मत्स्य विभाग में संचालित योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को मछली जाल एवं आईस बाक्स, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन्म प्रमाण पत्र वितरण किया गया। शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा शिशुवती माताओं को भी सुपोषण किट प्रदान किया गया। गर्भवती माताओं को अच्छा खान-पान रखने की सलाह दी गई, ताकि उनके शिशु स्वस्थ एवं सुपोषित रहें। शिविर में 111 प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की मंशा यही है कि शासन-प्रशासन की योजनाओं को गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को मिल सके, इसके लिए इस तरह शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के बारे में एक बार जानकारी मिल जाती है तो वह योजना का लाभ उठा सकते है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया है इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। ताकि शासन की योजनाओं का अंतिम छोर पर जो व्यक्ति है उन्हें पात्रता के अनुसार मिले। शासन की योजनाएं जनसामान्य के लिए बनी है उन योजनाओं का लाभ लेंगे तो जीवन स्तर में और बेहतर सुधार होगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को श्रम विभाग के स्टॉल में जाकर अपना पंजीयन कराने कहा। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग में श्रमिकों के लिए बहुत सारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। श्रम विभाग में एक बार पंजीयन कराने से बहुत सारी योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिलता है। कलेक्टर ने साईबर अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मोबाईल पर बहुत से फ्राड कॉल आते है, जिससे सावधान रहने की आवश्यकता है। फ्राड कॉल आने पर तत्काल साईबर सेल को सूचित करने कहा। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष में धान की अच्छी पैदावार हुई है और धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से लगातार धान खरीदा जा रहा है। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने किसानों को वास्तविक उपज को ही धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय करने कहा। ऋण पुस्तिका को किसी भी अन्य व्यक्ति एवं कोचियों को नहीं देने कहा। जिससे उनके धान को कोई अन्य व्यक्ति विक्रय नहीं कर सके। शासन की राशि बचने से गांव की जरूरतमंद लोगों को शासकीय योजनाओं के माध्यम से बहुत अच्छा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने महिलाओं को महतारी वंदन योजना से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग अपने और बच्चे के स्वास्थ्य एवं बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि जिले में भू-जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। जिसको ध्यान में रखते हुए किसानों को कम पानी की खपत वाले फसल लेने कहा। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए बाल विवाह रोकथाम की शपथ शिविर में उपस्थित सभी लोगों को दिलाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्तरीय शिविर पर जिन्होंने आवेदन किया है वे जनपद एवं जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अपने आवेदन के निराकरण की स्थिति जान सकते हैं और लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों को अधिक से अधिक विभागीय योजनाओं का लाभ लेने कहा। उन्होंने बताया कि बाल विकास रोकथाम के लिए बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान चल रहा है। जिले में कुपोषण से लेकर बाल विवाह मुक्त अभियान, स्वच्छ भारत अभियान

जैसे कई प्रकार के अभियान गांव को बेहतर बनाने के लिए चल रहे हैं। गांव में व्यवहार परिवर्तन कर गांव को कैसे स्वच्छ बनाने के लिए चलाया जा है। गांव को स्वच्छ, सुपोषित, स्वस्थ, एनीमिया मुक्त, बाल विवाह मुक्त रहे और सुन्दर रहे इसके लिए शासन-प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव श्री टीकेश साहू ने कहा कि आज बहुत अच्छा पल है जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में छोटे से लेकर बड़ी समस्याओं का प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं और निराकरण करा सकते हैं। सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव श्रीमती जागृति यदु ने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर अधिक से अधिक लाभ लेने कहा। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बालिका नेशनल शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से रवानगी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मुसरा के लिए गर्व की बात विगत दिनों आयोजित शालेय क्रीडा प्रतियोगिता सत्र 2024-25 में शासकीय

उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा विकासखंड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव तथा संभाग दुर्ग की ओर से खेलते हुए बालिका अंडर 17 वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम जानवी साहू ने दर्ज कराया 7 आज दिनांक 06 दिसंबर 2024 को शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में जानवी साहू का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर दिनांक 9 से 15 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित नेशनल शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से रवानगी की गयी 7 इसके पहले शाला मुसरा के समस्त शिक्षक गण प्रभारी प्राचार्य श्री कौशल राम चंद्रवंशी, व्यायाम शिक्षक श्री भागचंद लिल्हारे तथा मुसरा के समस्त ग्राम वासी, सरपंच कँवल निर्मलकर, स्पोर्ट्स एकेडेमी ऑफ़मुसरा के कराते खिलाड़ी एवं मुख्य प्रशिक्षक सेन्साई संजय ठाकुर ने जानवी साहू को शुभकामनाये दी, साथ ही प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने पर और दिल्ली में अपना बेहतर प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ को पदक दिलाये इसके लिए भी अग्रिम शुभकामनाये दी।

अग्निवीर यूनिट में जवानों के साथ देश की रक्षा करेंगे अग्निवीर अरुण रजक.

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। धर्मनगरी के गौरव अग्निवीर अरुण रजक पिता स्व. शंकर रजक , के ट्रेनिंग पूर्ण कर घर वापसी के मौके

पर डीपरापारा वार्ड नं 22 के वार्डवासियो सहित डोंगरगढ़ के गणमान्य नागरिको ने खुशी जताते हुए ट्रेनिंग से लौटे श्री रजक का गाजे बाजे के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए स्वागत किया गया. इस मौके पर श्री रजक के भाई सागर व राहुल ने बताया कि अरुण शुरू से ही देश की रक्षा के लिए सिपाही बनना चाहता था जिसके लिए निरंतर कड़ी मेहनत किया करता था परिणामत: अरुण रजक अग्निवीर में चयनित होने के बाद देश की रक्षा के लिए कर्तव्यनिष्ठ होंगे। अरुण के इस देश सेवा के भाव से गौरांवित उनकी माताजी सरोज रजक की आँखों में खुशी के आँसू आ गए व उन्होंने मेरा बेटा भारत माता का लाल कहते शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया.

ग्राम पंचायत खुर्सीपार में मितानिन दीदीयों का सम्मान

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत खुर्सीपार, विकासखंड डोंगरगांव में मितानिन दीदीयों का सम्मान किया गया

।सर्वप्रथम भारत माता के तैल चित्र के समक्ष पूजन अर्चन किया गया सरपंच लोकेश्वरी साहू द्वारा मितानिन दीदीयों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विकासखंड समन्वयक नीलिमा सिन्हा एवं प्रेरक गोदावरी साहू द्वारा मितानिन कार्यक्रम की जानकारी दी गई ।तत्पश्चात सरपंच द्वारा श्रीफल व उपहार देकर सम्मान किया गया ।इस अवसर मितानिन गीता नायक, चंद्रिका साहू, पूनिया साहू सकून साहू नीलिमा सिन्हा एवं गोदावरी साहू को श्रीफल व उपहार देकर सम्मान किया गया ।जनपद सदस्य देविका साहू एवं सचिव उपेंद्र यादव, पंच सुनिता साहू उपस्थित थे ।

ऑन द राइस मार्शल अकादमी संस्था से तीन खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में किया पदक हासिल

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। 16वीं छत्तीसगढ़ स्टेट एलिट पुरुष एवं महिला वर्ग बॉक्सिंग चैंपियनशिप का यह आयोजन 2 से 4 दिसंबर जवाहर नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड सेक्टर भिलाई में आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से 15-17 जिलों के बॉक्सर ने हिस्सा लिया और अपना दम खम जौहर दिखाया वही डोंगरगढ़ ऑन द राइस मार्शल आर्ट संस्था से दीपा चंद्रवंशी पिता खिलावन राम चंद्रवंशी ने रजत पदक, गौरव राव पिता नारायण राव कांस्य पदक, दुष्यंत पंडे पिता हेर सिंह पंडे संस्था के कोच मुकेश साहू ने बताया कि बॉक्सिंग या मुक्केबाज़ी एक ऐसा खेल है जिसमें दो लोग, समान वज़न के, एक-दूसरे पर दस्ताने पहनकर मुक्के मारते हैं यह एक युद्ध खेल है और मार्शल आर्ट है. इसमें प्रतिद्वंद्वी को हराने के लिए किक, टेक-डाउन या घुटनों, कोहनी या पिंडलियों का इस्तेमाल नहीं किया जाता. बॉक्सिंग मैच को राउंड में बांटा जाता है. एक राउंड की अवधि तीन मिनट की होती है. बॉक्सिंग मैच एक रस्सी से बंधे क्षेत्र में होता है जिसे रिंग कहते हैं. बॉक्सिंग में जीतने के लिए साहस और कौशल की ज़रूरत होती है. मुक्केबाज़ी में, मुक्केबाज़ अपने प्रतिद्वंद्वी को नॉकआउट करके जीत सकता है या फिर ज़्यादा अंक हासिल करके भी जीत सकता है बॉक्सिंग में, जज हर राउंड के बाद अलग-अलग स्कोर करते हैं । बॉक्सिंग में, मुक्केबाज़ों को सुरक्षा के लिए दस्ताने, हैंड रैप्स, और माउथगार्ड पहनने होते हैं डोंगरगढ़ में विगत दो सालों से स्कूल कॉलेज ओपन नेशनल के लिए बच्चों को तैयार कर रहे हैं पिछले वर्ष में 2 बॉक्सर ईस्ट जोन विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किए और इस वर्ष दीपा चंद्रवंशी पिता खिलावन राम चंद्रवंशी ने ऑल इंडिया बॉक्सिंग में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। कोच मुकेश साहू ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संस्था के सचिव चूड़ामणि ठाकुर ने बताया कि यह स्टेट चैंमियनशिप में बच्चे स्वर्ण पदक जीतने के बाद नेशनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित करेंगें और अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

नारी हमेशा सम्मान के अधिकारणी होती है ना कि अपमान की : आचार्य पं. युवराज पाण्डेय

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। डुमरडीहकला में कथा के पांचवे दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया गया। भागवत कथा की शुरुआत रुद्राभिषेक भागवत आरती और देवी जसगीत के साथ किया गया।आचार्य पं युवराज पाण्डेय ने अपने पांचवे दिन की कथा में बताया कि मां जगदंबा का अवतार किस प्रकार से हुआ और आगे उन्होंने महाभारत की कथा का व्याख्यान करते हुए बताया कि किस प्रकार से देवव्रत भीष्म पितामह बने उसके बाद हस्तिनापुर के वंश वृद्धि की कथा बताते हुए काशी नरेश की प्रसंग को बड़े विस्तार से कहा। उन्होंने बताया कि कभी भी किसी प्रकार से नारी का अपमान नहीं होना चाहिए, क्योंकि नारी तो सदा, सर्वदा सम्मान की अधिकारी होती है, इसके पश्चात भगवान श्री कृष्ण और द्रौपदी प्रसंग कहते हुए ध्रुव के प्रसंग को बताया कि किस प्रकार से महाराज उत्तानपाद और सुनीति के गर्व से जन्में ध्रुव ने घर बार को छोड़कर जंगल में जाकर भगवान की तपस्या की और उन्होंने कहा कि किस प्रकार से भगवान को प्राप्त करने की अगग दृढ़ सकती हो तो एक बच्चा भी भगवान को प्राप्त कर सकता है, जिस प्रकार से ध्रुव 11 वर्ष की आयु में ही भगवान के दर्शन को प्राप्त कर लिया था। इसी प्रकार लोगों में भगवत प्राप्ति की दृढ़ इच्छा शक्ति हमेशा होनी चाहिए। आगे उन्होंने सुदर्शन चरित्र का वर्णन करते हुए अपने कथा को विराम करते हुये कथा के अंतिम में पूजा-अर्चनाकर हरि नाम कीर्तन के साथ व देवी की जसगीत के साथ किया गया, जिसमें कथा में उपस्थित श्रोताओ ने संगीत में जमकर झूमे माता के जयकारे से कथा पंडाल गूंज उठे। कार्यक्रम में कलयुग के महामंत्र हरे कृष्ण, हरे कृष्ण-कृष्ण-कृष्ण हरे हरे, हरे राम-हरे राम-हरे राम राम हरे का भजन हिंदी, छत्तीसगढ़ी, उड़िया भजन, संबलपुरी भजन, जसगीत घुमर-घुमर रण गरजे अन्य जसगीत में श्रद्धालु झूमते नजर आए। आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के साथ पंडित कामेश पाण्डेय, पंडित, अमित शुक्ला, पंडित तरुण दुबे, पंडित चिरंजीवी, पंडित दिवाकर, पंडित नीरज पाण्डेय सहित 11 पंडित द्वारा प्रतिदिन सुबह 8 से 10 एवं शाम 6 बजे से चंडी महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजपुत समाज उपसमिति राजनांदगांव अध्यक्ष लोकेन्द्र भुवाल, उपाध्यक्ष नरोत्तम सिंह अन्य सामाजिक एवं क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष नोमेश वर्मा, पदुमतरा सरपंच ललिता मोहन साहू, डुमरडीहकला सरपंच जजमान दिनेश-सुनीता ठाकुर, मोहन बाफना, दीनू साहू, दुर्गा साहू सहित हजारो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भगवान की प्रतिमा चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा गया

आरोपी ग्राम चिद्दो स्थित मंदिर से गणेश जी की मुर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हनुमान जी का मूर्ति किया था चोरी, मूर्ति चोरी कर आरोपी अपने घर की आलमारी में छुपाकर रखा था.

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। हनुमान जी के मंदीर से हनुमान जी की व शंकर भगवान जी के मंदीर से गणेश जी की प्रतिमा चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफ्लता मिली है. आपको बता दें कि विकासखंड डोंगरगढ़ के मुख्यालय से लगभग 05 किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत चिद्दो पहुँच मार्ग के नाले के पास स्थित हनुमान जी का मंदीर व शंकर भगवान का मंदीर से 01 व 02 दिसम्बर 2024 की रात्रि मंदीर से हनुमान जी की प्रतिमा, गणेश जी की प्रतिमा अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया था और इसकी जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रवासियो में हड़कंप मच गया था व शिकायत मिलने के बाद थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में घटना स्थल पर दल बल के साथ पहुँचकर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई थी. अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पुलिस चोरी व धार्मिक भावनाओ को आहत करने के मामले में बीएनएस की गंभीर धारा 303(2), 229 कायम कर अज्ञात आरोपी की तलाश तेज कर दी गई थी और पता तलाश के दौरान भगवान की प्रतिमा चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा गया. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि प्रार्थी दीपक कुमार साहू पिता स्व0 ईश्वर लाल साहू उम्र- 44 साल निवासी ग्राम चिद्दो थाना डोंगरगढ़ ने 03 दिसम्बर 2024 को थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि ग्राम चिद्दो से डोंगरगढ़ आने वाले रोड किनारे नाला पुल के पास स्थित एक सार्वजनिक पुरानी मंदिर जिसमें गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हनुमान जी का मूर्ति विराजमान किया गया था। जिसे 03 दिसम्बर 2024 को सुबह पूजा करने आया तो देखा कि हनुमान भगवान का मुर्ति नहीं था इससे पहले 01 दिसम्बर 2024 को गणेश मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति एवं बैल मूर्ति नहीं थी व 03 दिसम्बर को हनुमान जी का मूर्ति नहीं होने पर शंका हुआ कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है एवं पुजा सामान को बिखेर दिया है, जिससे धार्मिक भावना को ठेस पंहुचा है कि रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपध्र0-642/2024 धारा-299, 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये मुर्तियों के पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन में थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर सेल राजनांदगांव का टीम गठित किया गया था उक्त दोनों टीम साथ मिलकर अलग-अलग एंगल से अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये मुर्तियों के पता तलाश में जुट गए थे इसी दौरान सूचना मिला कि ग्राम बछेराभाठा निवासी भूवन चन्द्रवंशी अपने घर में मूर्ति रखा है कि सूचना मिलने पर भूवन चन्द्रवंशी पिता उदयराम चन्द्रवंशी उम्र- 35 साल निवासी बछेराभांठा थाना डोंगरगढ़ छ0ग0 का पता-तलाश कर पुछताछ किया जो आरोपी अपने मोटर सायकल से ग्राम चिद्दो आकर ग्राम चिद्दो-डोंगरगढ़ मार्ग के रास्ते में नाला के पास शिव मंदिर, हनुमान मंदिर में रखे गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हुनमान जी के मूर्ति को चोरी कर अपने घर के आलमारी में छुपाकर रखा हूँ बताने पर पुलिस आरोपी के घर पंहुचकर आरोपी के घर अन्दर रखे आलमारी से गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हुनमान जी के मूर्ति को बरामद कर मोटर सायकल क्र0- सीजी 05 ई 7740 सहित जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सउनि गणेश चौहान, आरक्षक- प्रयंश सिंह, योगेन्द्र देशमुख एवं साबबर सेल राजनांदगांव से सउनि सुमन कर्ष, प्र0आर0- बसंतराव एवं आरक्षक- प्रवेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com